आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

16 वें वर्ष में प्रवेश

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें
WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 16 अंक 58 ● कटनी ● शुक्रवार, 1 अप्रेल, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● चैत्र मास कृष्ण पक्ष-अमावस्या ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



## मुठभेड़ में एक दहशतगर्द ढेर, अभियान जारी

**श्रीनगर।** शोपियां मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने एक आतंकी को मार गिराया है। अभी कुछ आतंकियों के घिरे होने की सूचना है और अभियान जारी है। कल शोपियां के तुर्कवांगम में आतंकियों के होने की जानकारी के बाद सुरक्षाबलों ने तलाशी अभियान चलाया। घेरा सख्त होता देख आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। सूत्रों ने बताया कि क्षेत्र में अब भी दो से तीन आतंकी मौजूद हैं। उनके खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। पूरे इलाके को सील कर दिया गया है। सभी प्रकार की आजावाही को रोक दिया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आतंकियों को पकड़ने के लिए सभी प्रकार की तैयारियां की गई हैं।

## पुंछ में 300 फीट गहरी खाई में गिरी गाड़ी, 9 की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में एक यात्री वाहन के गहरे खड्डे में गिरने से 9 लोगों की मौत हो गई और 4 घायल हो गए। ये सभी एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पुलिस ने कहा कि वाहन गुरुवार शाम को सुरनकोट के तरारवाली बुफलियाज इलाके में 300 फीट गहरी खाई में गिर गया। पुलिस ने कहा कि वाहन मुर्रा गांव से आ रहा था और सुरनकोट की ओर जा रहा था। चालक ने नियंत्रण खो दिया।पुलिस और सेना ने स्थानीय लोगों की मदद से तुरंत बचाव अभियान शुरू किया और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## आर्थिक संकट से श्रीलंका में हालात बिगड़े

# राष्ट्रपति निवास पर धावा बोलने की कोशिश

## 10 घायल

कोलंबो । श्रीलंका में आर्थिक संकट के कारण हालात बिगड़ते जा रहे हैं। सैकड़ों लोगों की भीड़ ने कोलंबो में राष्ट्रपति गोतबाया राजपक्षे के निवास में घुसने की कोशिश की। पुलिस ने उन्हें काबू में करने के लिए गोलियां चलाईं, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। बेकाबू महंगाई व आवश्यक वस्तुओं की किल्लत के कारण लोगों का जीना मुश्किल हो गया है। प्रदर्शनकारी राष्ट्रपति के इस्तीफे की मांग कर रहे हैं।



बेकाबू महंगाई व किल्लत से निपटने के प्रति श्रीलंका सरकार के रवैये को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज होते जा रहे हैं। देश में आजादी के बाद के सबसे खराब हालात बताए जा रहे हैं। कोलंबो में गुरुवार रात हालात बिगड़ने के बाद कर्फ्यू लगाया गया था, हालांकि शुक्रवार सुबह से इसे हटा दिया गया। राष्ट्रपति निवास के आसपास के इलाकों में आगजनी के बाद वाहन का मलबा पड़ा नजर आया।

### 12 घंटे बिजली कटौती

श्रीलंका की सरकारी बिजली कंपनी ने जनरेटरों के लिए बिजली नहीं मिलने से 12 घंटे की कटौती शुरू कर दी है।

### पेट्रोल से महंगी शकर और दूध

श्रीलंका में महंगाई व आवश्यक वस्तुओं की किल्लत के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। एक लीटर पेट्रोल की कीमत 254 रुपये है, जबकि एक लीटर दूध 263 रुपये में बिक रहा है। लोगों को एक ब्रेड का पैकेट भी 0.75 डॉलर (150) रुपये में खरीदना पड़ रहा है। यहीं नहीं एक किलोग्राम चावल और शकर की कीमत 290 रुपये प्रति किलोग्राम तक पहुंच गई है। मौजूदा समय में एक चाय के

### खाने-पीने को मोहताज देशवासी

चीन सहित कई देशों के कर्ज तले दबे श्रीलंका का जनवरी में विदेशी मुद्रा भंडार 70 फीसदी से ज्यादा घटकर 2.36 अरब डॉलर रह गया था, जिसमें लगातार गिरावट आती जा रही है। विदेशी मुद्रा की कमी के चलते ही देश में ज्यादातर जरूरी सामानों दवा, पेट्रोल-डीजल का विदेशों से आयात नहीं हो पा रहा है।डीजल की किल्लत से बसें व वाहन बंद श्रीलंका में ईंधन की भारी किल्लत हो गई है।

## गली, नुक्कड़ पर चाय-पकौड़े खाना होगा महंगा

# एक झटके में 250 रुपये बढ़ गई एलपीजी की कीमत

## व्यावसायिक रसोई गैस के दामों में 2 माह में 346 की बढ़ोतरी



**नई दिल्ली।** देश में व्यावसायिक रसोई गैस के दाम एक बार फिर बढ़ गए हैं। 1 अप्रैल से इसके 19 किलो के सिलेंडर 250 महंगे हो गए हैं। दिल्ली में अब ये 2253 रुपये में मिलेंगे। हालांकि घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। बीते दो माह में 19 किलो के व्यावसायिक रसोई गैस के दाम 346 रुपये प्रति सिलेंडर बढ़ गए हैं। इससे पहले एक मार्च को इनके दाम 105 रुपये बढ़ाए गए थे। फिर नौ रुपये घटाए गए। एक मार्च को 19 किलो का एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में 2012 रुपये में मिलता था, जो 22 मार्च को 9 रुपये घटकर 2003 रु. का हो गया था, लेकिन आज से 250 रुपये की बढ़ोतरी के बाद यह 2253 रुपये का हो गया। वहीं कोलकाता में यह सिलेंडर 2351 रुपये में मिलेगा तो मुंबई में 2205 में और चेन्नई में कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर 2406 रुपये में मिलेगा। दरों में यह कमी-बेशी राज्यों व स्थानीय करों के कारण रहेगी। पांच राज्यों के चुनाव के बाद पेट्रोल, डीजल व एलपीजी के दामों में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। 22 मार्च को सबसिडी वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम भी 50 रुपये बढ़ाए गए थे। हालांकि अक्तूबर 2021 के बाद से घरेलू एलपीजी के दामों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई थी। देश के चार महानगरों में अभी घरेलू रसोई गैस सिलेंडर इन दामों पर मिल रहे हैं। दिल्ली में ये 949.50 रुपये, कोलकाता में 976 रुपये, मुंबई में 949.50 रुपये और चेन्नई में 965.50 में मुहैया कराए जा रहे हैं।

## मौसम के उग्र तेवर, उत्तर व मध्य भारत में लू का कहर



**नई दिल्ली।** मौसम के बदले मिजाज से उत्तर व मध्य भारत लू की चपेट में है। दिल्ली-एनसीआर में हर दिन तल्ख होते सूरज के तेवर से गर्मी नए रिकॉर्ड बना रही है। बीते 30 दिनों में तापमान में 14.6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई है।मौसम विभाग की तरफ से बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक, अप्रैल में दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर, उत्तर-पश्चिम, मध्य व पूर्वोत्तर भारत के कुछ हिस्सों में सामान्य से ज्यादा तापमान रहेगा। इस बीच इन हिस्सों में सामान्य से कम बारिश भी हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, 28 फरवरी को अधिकतम तापमान 25.3 व न्यूनतम 9.6 डिग्री सेल्सियस था। एक मार्च को यह 26 हो गया था। 10 मार्च को अधिकतम 30 और न्यूनतम तापमान 16.8 डिग्री सेल्सियस रहा। 15 मार्च को 34.7 व 18.9 तक चढ़ा। 30 मार्च को 39.6 डिग्री सेल्सियस पारा पहुंचने पर इस सीजन का सबसे गर्म व बीते 72 साल में तीसरी बार सबसे गर्म दिन रहा था। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. एम महापात्रा के मुताबिक, इस समय दक्षिण पाकिस्तान, राजस्थान और गुजरात से आने वाली गर्म हवा समूचे उत्तर भारत व मध्य भारत को गर्म कर रही है, जिससे जम्मू से लेकर मध्य प्रदेश तक लू की चपेट में है।

# टेंशन नहीं न लें- परीक्षा को त्योहार बना दें तो उसमें रंग भर जाएंगे



-परीक्षा पे चर्चा - कार्यक्रम में प्रधानमंत्री मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में देश के छात्रों के साथ आयोजित -परीक्षा पे चर्चा - कार्यक्रम के शुभारंभ में कहा कि परीक्षा की टेंशन नहीं होनी चाहिए। परीक्षा को त्योहार बना दें तो उसमें रंग भर जाएंगे। प्रधानमंत्री करीब 1 हजार छात्रों से सीधी बात कर रहे थे। श्री मोदी ने कहा कि परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा है। छोटा पड़ाव है। हम एग्जाम देते-देते एग्जाम प्रूफ हो गए हैं। अब इसका अनुभव आपकी ताकत है। मेरा सुझाव है कि बोझ के साथ जीना है या जो तैयारी की है उसपर विश्वास के साथ आगे बढ़ना है। तनाव को पनपने मत दीजिए। अपनी सामान्य दिनचर्या को ही जारी रखें। पीएम ने परीक्षा से डर के सवाल के जवाब में कहा कि परीक्षा जीवन का सहज हिस्सा है। यह छोटे-छोटे पड़ाव हैं। इनसें डरना नहीं चाहिए।

### नमो ऐप में दूंगा उत्तर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बच्चों और पालकों को नव वर्ष की बधाई दी और पूछा कि परीक्षा का तनाव किसे ज्यादा है, बच्चों को या माता-पिता को पीएम ने बताया कि परीक्षा पे चर्चा उनका पसंदीदा कार्यक्रम है। उन्हें बच्चों के साथ बात करने में बहुत आनंद आता है। उन्होंने कहा- छात्रों के सभी प्रश्नों का उत्तर समय की कमी के कारण यहां चर्चा नहीं की जा सकती है, मेरे द्वारा नमो ऐप में वीडियो, ऑडियो संदेशों के माध्यम से उत्तर दिया जाएगा।

### इस साल नया साहस करूंगा

प्रधानमंत्री ने बच्चों से कहा की वह इस साल नया साहस करने वाले हैं। समय-सीमा के समाप्त होने के बाद भी वह छात्रों के सवालों के जवाब देंगे। इसके लिए टेक्स्ट, नमो एप आदि की मदद ली जाएगी। इसके पूर्व पीएम मोदी ने सबसे पहले देश भर के छात्रों द्वारा बनाई गई कई प्रदर्शनी परियोजनाओं को देखा।

### ऑनलाइन शिक्षा अवसर है

पीएम ने कहा कि जब आप ऑनलाइन होते हैं तो पढ़ाई करते हैं या रील देखते हैं? प्रधानमंत्री ने कहा कि दोष ऑनलाइन या ऑफलाइन का नहीं हैं। जब आपका दिमाग कहीं और हो तो सुनना ही बंद हो जाता है। जो चीजें ऑफलाइन हैं वही चीजें ऑफलाइन भी हैं। ऑनलाइन शिक्षा को समस्या नहीं बल्कि अवसर मानना चाहिए। माध्यम नहीं बल्कि मन समस्या है। ऑनलाइन पाने के लिए है और ऑफलाइन अवसर के लिए हैं। जीवन में खुद से जुड़ना जरूरी। दिन में कुछ समय ऑफलाइन-ऑनलाइन के बजाय इनर लाइन भी रहें।

## संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में खुलासा

# दुनिया की आधी महिलाओं को करना पड़ता है मर्जी के बगैर गर्भधारण



**न्यूयार्क।** दुनियाभर में हर साल गर्भवती होने वाली करीब 12.1 करोड़ महिलाओं में करीब आधी महिलाएं बिना मर्जी के गर्भधारण करती हैं। केवल 57 फीसदी प्रजनन और सेक्स संबंधी निर्णय लेने में सक्षम हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की विश्व जनसंख्या रिपोर्ट-2022 के अनुसार बिना मर्जी के गर्भधारण करने वाली महिलाओं में करीब 60 फीसदी गर्भपात करा देती हैं।इन कुल गर्भपात में 45 फीसदी असुरक्षित होते हैं, जो 5-13 फीसदी तक मातृ मृत्यु दर का कारण बनते हैं। यूएन जनसंख्या कोष की कार्यकारी निदेशक डॉ. नतालिया केनेम के अनुसार, बिना मर्जी के गर्भधारण के ये आंकड़े महिलाओं और लड़कियों के मूल अधिकारों के प्रति पूरी दुनिया की असफलता को दर्शाते हैं।रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 1990 से 2019 के बीच प्रति हजार महिलाओं पर बिना मर्जी के गर्भधारण की संख्या 79 से कम होकर 64 तक आई है। रिपोर्ट के अनुसार, जिन 64 देशों की महिलाओं के साथ ये अध्ययन किया गया। इनमें से 47 देशों की 40त्न महिलाएं गर्भनिरोधक का इस्तेमाल नहीं करतीं। कुल 23त्न महिलाएं न चाहते हुए भी सेक्स संबंधों के लिए ना नहीं कह पातीं और 8त्न गर्भनिरोधक का निर्णय लेने में असमर्थ हैं।

# अब यूक्रेन ने रूस में घुसकर किया हमला

## सीमा से लगे शहर पर की एयरस्ट्राइक



**कीव ,वाशिंगटन ।** रूस.यूक्रेन के बीच छिड़ी जंग लंबे समय तक खिंच गई है। न ही रूस पीछे हटने को तैयार है और न ही यूक्रेन झुकने को। ऐसे में यूक्रेन में भारी तबाही जारी है। इस बीच यूक्रेन की सीमा से जुड़े हुए रूसी शहर बेल्गोरोद के गवर्नर ने दावा किया है किए उनके यहां के एक तेल डिपो पर यूक्रेनी सेना की ओर से एयरस्ट्राइक की गई है। उन्होंने कहा कि यूक्रेन के हेलीकॉप्टरों ने इस पर हमला किया। दरअसलए शुक्रवार सुबह यहां के तेल डिपो में भयानक आग की खबरें सामने आई थीं। इसी बीच यूरोपीय संसद की अध्यक्ष रोबर्टा मेत्सोला कीव के लिए रवाना हो गई हैं। वहीं यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने ऑस्ट्रेलियाए नीरदलैंड व बेल्जियम की संसद को संबोधित करते हुए कहा कि मैं अभी भी रूस के खिलाफ ठोस कदमों का इंतजार कर रहा हूं। हमें हमलावर पर तब तक दबाव बनाना होगा जब तक उसकी आक्रामकता न खत्म हो जाए।

## CRPF के बंकर पर बम फेंकने वाली बुर्काधारी महिला अरेस्ट

**श्री नगर।** जम्मू-कश्मीर के सोपोर में सीआरपीएफ के बंकर पर पेट्रोल बम फेंकने वाली बुर्काधारी महिला को अरेस्ट कर लिया गया है। मंगलवार को बंकर पर पेट्रोल बम फेंकने का वीडियो सामने आया था। सीसीटीवी फुटेज में बुर्का पहने महिला बैग से पेट्रोल बम निकालकर सीआरपीएफ बंकर पर फेंकती नजर आती है। इसके बाद वहां आग लग जाती है, जिसे सीआरपीएफ कर्मी बुझाते दिखते हैं। महिला की पहचान हसीना अख्तर के तौर पर हुई है, जिसके ताल्लुक आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से रहे हैं। इसके अलावा वह पहले भी आतंकवाद से जुड़ी गतिविधियों में शामिल रही है। कश्मीर पुलिस के आईजी विजय कुमार ने कहा कि सीआरपीएफ बंकर पर बम फेंकने वाली महिला की पहचान कर ली गई है। इसके अलावा हसीना अख्तर को अरेस्ट कर लिया है। पुलिस का कहना है कि हसीना अख्तर के खिलाफ उत्तर कश्मीर के अलग-अलग थानों में तीन मुकदमे पहले से ही दर्ज है। पुलिस ने कहा कि हसीना अख्तर लश्कर-ए-तैयबा के ओवरग्राउंड वर्कर के तौर पर काम करती रही है। यही नहीं उसके दुख्तरान-ए-मिल्लत संगठन की मुखिया आसिया अंद्राबी से भी ताल्लुक रहे हैं। पुलिस ने कहा कि हसीना अख्तर के खिलाफ 2019 में यूएपीए के तहत हंदवाड़ा में केस दर्ज किया गया था।

## पीएफ खाते से लेकर जीएसटी तक के बदले नियम

# महंगाई की बड़ी मार




**नई दिल्ली ।** आज से नए वित्त वर्ष की शुरुआत हो गई और इसके साथ ही तमाम नियमों में भी बदलाव हुआ है। वैसे तो हर महीने की पहली तारीख को कुछ न कुछ बदलाव होते हैं, लेकिन आज एक अप्रैल 2022 से ऐसे कई बड़े बदलाव होने जा रहे हैं जो सीधे तौर पर आपको प्रभावित करेंगे। इनमें जहां पीएफ खाते पर टैक्स को लेकर नियम बदले हैं तो क्रिप्टो निवेशकों पर भी 30 फीसदी टैक्स लागू हो गया है।हर महीने की पहली तारीख को कुछ न कुछ छोटे-बड़े बदलाव देखने को मिलते हैं। मार्च का महीना खत्म हो चुका है और आज एक अप्रैल से नया वित्त वर्ष शुरू हो रहा है। ऐसे में महीने की शुरुआत बड़े बदलावों के साथ हो रही है। इनमें जहां एक ओर पीएफ खाते से लेकर जीएसटी तक के नियम बदल गए हैं। तो दूसरी ओर क्रिप्टो में निवेश करने वालों पर आज से 30 फीसदी टैक्स का नियम लागू हो गया है। यही नहीं महंगाई के मोर्चे पर भी लोगों को बड़ा झटका लगने वाला है।

### क्रिप्टो से कमाई पर टैक्स

नए वित्त वर्ष के पहले दिन यानी एक अप्रैल से एक बड़ा बदलाव क्रिप्टोकरेंसी पर लगने वाले टैक्स का है। बजट 2022-23 में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सभी वर्चुअल डिजिटल एसेट या क्रिप्टो एसेट पर 30 फीसदी टैक्स लगाने का एलान किया था। इसके तहत अगर क्रिप्टो एसेट बेचने पर निवेशक को जो फायदा होगा उस पर उसे सरकार को टैक्स देना होगा। इसके साथ ही जब-जब कोई क्रिप्टो एसेट बेचा, तो उसकी बिक्री का एक फीसदी की दर से टीडीएस कटेगा।

### पीएफ अकाउंट पर टैक्स

एक अप्रैल 2022 से जो सबसे बड़े बदलाव हो रहे हैं, उनमें सबसे अहम है पीएफ खाते पर टैक्स। दरअसल, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने Income-ta& (wzth Amendment) Rule 2021 को लागू करने का फैसला किया है। यानि ईपीएफ खाते में 2.5 लाख रुपये तक टैक्स फ्री योगदान का कैप लगाया जा रहा है। अगर इससे ऊपर योगदान किया, तो ब्याज आय पर टैक्स लगेगा।

### दवाओं पर होगा ज्यादा खर्च

आज से आम आदमी को दवाइयों पर खर्च बढ़ने वाला है। जी हां, महंगाई की मार से पहने से परेशान लोगों के लिए एक अप्रैल से दवाएं खरीदना महंगा हो रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, 800 आवश्यक दवाओं की कीमतों में 10.7 फीसदी की बढ़ोतरी होने जा रही है। इनमें बुखार की बुनियादी दवा पैरासिटामॉल भी शामिल है।

### डाकघर योजनाओं के नियम बदले

डाकघर की मासिक आय योजना (एमआईएस), वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (एससीएसएस) या डाकघर टर्म डिपॉजिट में निवेश से जुड़े नियम भी बदलने जा रहे हैं। इन स्कीमों में ब्याज की रकम एक अप्रैल से नकद नहीं मिलेगी। इसके लिए आपको बचत खाता खोलना होगा।

### ई-चालान को लेकर नियम सरल

सीबीआईसी (केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड) ने माल और सेवा कर (जीएसटी) के तहत ई-चालान (इलेक्ट्रॉनिक चालान) जारी करने के लिए टर्नओवर सीमा को पहले तय सीमा 50 करोड़ रुपये से घटाकर 20 करोड़ रुपये कर दिया है। यह नियम भी आज एक अप्रैल 2022 से लागू हो जा रहा है।

### अमेरिकन प्रोफेसर का अजीबोगरीब दावा

## इंसान के भेष में मौजूद हैं धरती पर एलियन

इंसान दूसरी दुनिया (Aliens) और वहां रहने वाले लोगों के बारे में जानने के लिए हमेशा उत्सुक रहता है. इस पर हर रोज़ रिसर्च भी किए जा रहे हैं. इसी बीच अमेरिकन प्रोफेसर डॉक्टर डेविड जैकब्स (Dr David Jacobs) ने अजीबोगरीब दावे में कहा है कि एलियंस इंसानों का अपहरण (Aliens Abducting Humans) कर रहे हैं और खुद धरती पर रह रहे हैं. इस सनसनीखेज दावे के समर्थन में भी उन्होंने कई तर्क दिए हैं. डॉक्टर डेविड जैकब्स (Dr David Jacobs) पेंसिलवेनिया की टेंपल यूनिवर्सिटी (Temple University in Pennslyvania) में इतिहास के प्रोफेसर हैं और उनकी विशेषज्ञता यूफोलॉजी (द्मश्चद्मश्द्द4 श्व×श्चद्दद्ध ङ्कद्गद्बह्यस्र ष्ट्यड्डद्बद्ग) में है. डॉक्टर डेविड का दावा है कि उन्होंने कई ऐसे लोगों से बात की है, जिनको एलियंस ने अगवा किया था और वे बच गए. इससे जुड़ी हुई एक डॉक्यूमेंट्री भी उन्होंने E&traordinary: The Revelations के नाम से बनाई है. इसमें कितना सच या कितना भ्रम, ये तो हम नहीं कह सकते, लेकिन दावे डराने वाले ज़रूर हैं।



# कटनी की मां जालपा के मंदिर का 250 साल पुराना इतिहास

## जो भी मां के दर्शन करता है उसकी हर बला टल जाती, दो साल के बाद चैत्र नवरात्र का उत्साह चरम पर

**कटनी।** दो साल बाद इस बार चैत्र नवरात्र का उत्सव चरम पर होगा। माता की भक्ति में तल्लीन भक्त पूरे नौ दिन आराधना की मिशाल प्रस्तुत करेंगे। कोविड के कारण बीते सालो में लोगों को अपनी मां से दूरी रखनी पड़ी थी लेकिन माता का ही चमत्कार जब कोविड ने हार मान ली। नवरात्री का अर्थ होता है नौ पावन दुर्लभ, दिव्य व शुभ रातें। नवरात्री का त्यौहार तब मनाया जाता है जब नौ शक्तियां यानि के नवनक्षत्र एक साथ हों। ये पर्व सनातन काल से हिन्दुस्तान में मनाया जाता रहा है आज नवरात्री का तीसरा पावन दिन है आज हम आपको कटनी जिले में विराजी माँ जालपा के 250 साल पुराने इतिहास के बारे में जानकारी दे रहे हैं। कल से चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो रहे है। ऐसा माना जाता है की जो भी मा के दर्शन करता है उसकी हर बला टल जाती है। कटनी को बारडोली की धरा भी कहा जाता है इस शहर में विराजी माँ जालपा के दरबार में साल के 365 दिन भक्तों की कतार लगी रहती है. वहीं नवरात्री और रामनवमी में तो माँ केदरबार की अलग की चमक रहती है।

### स्वप्न में आई थीं मइया

ऐसा कहा जाता है कि आज से करीब 250 साल पहले कटनी में कुछ नहीं था सिर्फ घना जंगल था। उस वक़्त कटनी में बांस के जंगलों की भरमार थी और उसी जंगल के बीच माँ जालपा की प्रतिमा विराजमान थी यहाँ एक पंडा माँ की सेवा करते हैं जिनका नाम लालजी पंडा है वो बताते हैं की उनके पूर्वजों को माँ ने स्वप्न दिया था और उसके बाद माँ खुद




घनघोर जंगल से प्रगट हुई थीं. तभी से उसी जगह पर माँ के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है। मंदिर में भगवान हनुमान और कालभैरव की प्रतिमा भी है। कटनी के मंदिर में माँ ज्वाला के रूप में जालपा मैया विराजमान है उनकी प्रतिमा सिल के अकार की है. वहां के पांडा बिहारीलाल ने पूरे विधिविधान से माता की मूर्ति का प्राणप्रतिष्ठा कराई। धीरे धीरे भक्त बढ़ने लगे माता की कृपा कटनी से पूरे प्रदेश में फ़ैल गई। कुछ दिन बाद माँ के मंदिर को भव्य रूप दिया गया। मंदिर के जीर्णोद्धार के बाद यहाँ माँ काली और माँ शारदा की प्रतिमाएं भी स्थापित की गई और साथ में भगवान हनुमान और भैरव बाबा को भी विराजित किया गया।

### 64 योगिनी की हुई स्थापना

आज से 4 साल पहले मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया उसी दौरन पट्टाभिरामाचार्य महाराज के सानिध्य में 64 योगनियों की स्थापित किया गया. ना सिर्फ नवरात्री बल्कि यहाँ साल भर भक्त आते रहते हैं। यहाँ के पुजारी लालजी की पिछले 5 पूर्वजों ने लगातार माँ की सेवा की है।

# गहन चिकित्सा के लिए कटनी जिले से भोपाल के चिरायु गए मरीजों का हाल जानने पहुंचे विधायक

## हर मरीज के पास पहुंचकर ली जानकारी, फिर डॉक्टरों से की चर्चा







**कटनी।** चिरायु मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल भोपाल में विजयराघवगढ़ विधानसभा के उपचाररत मरीजों का हॉल-चाल जानने कल गुरूवार को पूर्व मंत्री विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक भोपाल चिरायु हॉस्पिटल पहुंचें। विधायक श्री पाठक प्रत्येक मरीज से मिले एवं उनके उपचार/आपरेशन के विषय में जाना। आपको बता दें कि 24 एवं 25 मार्च को बरही में नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार शिविर में एक लाख से अधिक लोगों से अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया जिनमें से गहन उपचार हेतु 3 हजार मरीजों को भोपाल चिरायु हॉस्पिटल रिफर किया गया जिनका उपचार एवं आपरेशन विधायक विजयराघवगढ़ संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा चिरायु हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. अजय गोयनका जी के मार्गदर्शन में नि:शुल्क कराया जा रहा है। प्रतिदिन सैकड़ों मरीजों का नि:शुल्क आपरेशन चल रहा है जो पूर्णत: नि:शुल्क है उन्हें बरही/कटनी से भोपाल भेजा गया उनके साथ उनके परिजन भी है जिन्हें ठहरने खाने की व्यवस्था भी विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक द्वारा करवाई है। लोगों ने विधायक जी के इस कार्य पर खूब प्रशंसा की।



# रेडक्रास सोसायटी में कटनी को मिला प्रतिनिधित्व, शशांक श्रीवास्तव बने स्टेट ट्रेजरार

**कटनी।** कटनी के लिए गौरव का क्षण है। मध्यप्रदेश की रेडक्रॉस सोसायटी में कटनी जिले से महत्वपूर्ण प्रतिनिधित्व मिला है। पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तव के मध्यप्रदेश रेड क्रॉस सॉसायटी के कोषाध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात विधिवत प्रमाण पत्र भोपाल कलेक्टर अविनाश लवानिया द्वारा प्रदान किया गया। डॉ गगन कोलहे चेयरमैन और भारत झवर वाइस चेयरमैन निर्वाचित हुए आज सभी को रेडक्रॉस मध्यप्रदेश के द्वारा निर्वाचित होने का प्रमाणपत्र मिला। यह पहला मौका है जब रेडक्रास में कटनी को बड़ा प्रतिनिधित्व प्राप्त हुआ। श्री श्रीवास्तव इससे पहले बैंक आफ महाराष्ट्र बोर्ड के नामित सदस्य भी नियुक्त हुए। साथ ही रेल बोर्ड् की समिति के भी मेम्बर हैं। रेडक्रास के जिम्मेदार पद पर आसीन होने से निश्चित ही कटनी जिले को रेडक्रास की गतिविधियों में फायदा मिलेगा। आज राज्यपाल ने उन्हें भोपाल में शपथ दिलाई।



# आजाद वार्ड के निवासी सड़क व जलनिकासी न होने से परेशान

**कटनी।** कटनी में कई वार्ड ऐसे हैं जो मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहे हैं। चंद्रशेखर आजाद वार्ड क्रमांक 6 के निवासी इन दिनों सड़क व जलनिकासी न होने जैसी मूलभूत समस्याओं से जूझ रहे हैं। बार-बार शिकायत के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है। नागरिकों ने मांग की है कि उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निदान किया जाए ताकि उन्हें समस्याओं से निजात मिल सके। रहवासियों ने बताया कि यहां की समस्या सड़क न होना इसके अलावा यहां पर जल निकासी के लिए नालियां भी नहीं बनाई गई है। रहवासियों ने बताया कि कई बार मामले की शिकायत नगरनिगम से की गई लेकिन समस्या का कोई हल नहीं निकल सका। रहवासियों ने बताया कि बारिश में कई गलियों में कीचड़ की समस्याओं से परेशानी होती है। गर्मियों में धूल से परेशानी ¬स्थानीय लोगों ने बताया कि सड़क में गर्मियों में धूल के गुब्बार से परेशानी से परेशानी होती है। धूल घरों अंदर तक धूल डस्ट पहुंचती। इसके अलावा बारिश में कीचड़ से भी लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे मोहल्लों में रहने वाले लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों से जूझ रहे हैं।

# 1857 की क्रांति की गाथा कहता विजयराघवगढ़ किला व झिंझरी आदिम युग के शैलचित्र दिला सकते पर्यटन की पहचान





**कटनी।** कटनी में पर्यटन की अपार संभावनाएं मौजूद हैं लेकिन यह जिम्मेदारों को दिख नहीं पा रहीं। जिले में पुरातन संस्कृति को संजोए ऐसे स्थानों की अगर सही ढंग से ब्रांडिंग की जाए तो निश्चित ही पूरे देश में कटनी को अलग पहचान मिल जाएगी। पर इसे दुखद या विडंबना कहें कि विजयराघवगढ़ की पर्यटन के नक्शे में विशेष स्थान नहीं पा सका। विजयराघवगढ़ जिले का ऐतिहासिक स्थान है। राजा प्रयागदास द्वारा 19वीं शताब्दीं में भगवान विजयराघव के एक भव्य मंदिर और किले का निर्माण करवाया गया और किले को विजयराघवगढ़ के रूप में नामित किया गया। किले के नाम पर ही इस नवनिर्मित नगर का नाम विजयराघवगढ़ दिया गया। इसके दूसरी ओर एक अन्य सुंदर इमारत है। इसे रंगमहल के नाम से जाना जाता है। इसी तरह झिंझरी के शैल चित्र भी मनोहारी दृष्य प्रस्तुत करते हैं लेकिन इस तरफ भी प्रशासन का ध्यान नहीं है। कटनी-जबलपुर मार्ग पर झिंझरी में एक दर्जन से रंगीन चित्रित चट्टानों (शैलचित्र) में प्रागैतिहासिक काल के संबंध में जानकारी मिलती है। शैलचित्रों में जानवर जैसे गाय, बैल, हिरण, कुत्ता, बकरी, सुअर को चित्रित किया है। यहां पर दरियाई घोड़ा प्राचीन समय में यहां पाया जाता रहा है। इस जानवर को छोड़कर बाकी सभी जानवरों, युद्ध में प्रयुक्त होने वाले उपकरणों आदि के चित्र और आदमी, औरत, पेड़, फूल आदि के चित्र उपलब्ध हैं। ये शैलचित्र लगभग 10 हजार ईसा पूर्व से 4 हजार ईसा पूर्व के तथा कुछ चित्र 700 ईसा पूर्व से 200 ईसा पूर्व के हैं। लोगों ने इन स्थलों के विकास तथा पर्यटन विभाग से इन स्थानों के उचित प्रचार प्रसार की मांग की है। लोगों ने कहा कि हम दूसरे प्रदेशों में ऐसे स्थानों को देखने जाते हैं पर कटनी की तरफ ध्यान नहीं है।



# कालोनी को वैध करने से पहले अवैध कालोनाइजर पर दर्ज होगी एफआइआर

**कटनी।** शहर में अवैध कालोनियों के वैध की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। इस प्रक्रिया में सबसे पहले अवैध कालोनी बनाने वाले कालोनाइजरों पर एफआइआर दर्ज की जाएगी। इसके लिए सभी आवश्यक प्रक्रियाएं की जा रही है। नगरनिगम द्वारा इस संबंध में सभी आवश्यक औपचारिकता पूरी करने के बाद इन कालोनियों के वैधीकरण का रास्ता साफ हो जाएगा। 2016 से पहले की गई प्रदेश की अवैध कालोनियों को वैध करने किया जा रहा है। कटनी की 96 अवैध कालोनियों को वैध करने की प्रक्रिया शुरू है। वैधीकरण के बाद इन कालोनियों में नगरनिगम द्वारा किए जाने वाले विकास का रास्ता साफ हो जाएगा। इन कालोनियों के रहवासियों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकेंगी। नगरनिगम से मिली जानकारी के अनुसार सरकार ने तय किया है कि जिन अवैध कालोनियों में दस प्रतिशत बसाहट हो और 70 प्रतिशत आबादी निम्न आय वर्ग की हो, उन कालोनियों को वैध करने के बाद विकास कार्य के लिए रहवासियों से सिर्फ 20 प्रतिशत पैसा लिया जाएगा। वहीं अन्य लोगों से 50 फीसद पैसा बुनियादी विकास कार्यों के लिए लिया जाएगा। शेष राशि स्थानीय निकाय और राज्य सरकार देगी। शहर में कालोनियों को वैध करवाए जाने की कार्रवाई की जा रही है। इसके सर्वे कार्य जारी है।

सिटी मॉल बरही रोड में
शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 4 शो ता. 01 से
12, 3.30, 7 एवं रात्रि 9 बजे से



RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 3 शो ता. 01 से
12.45, 3, एवं सायं 6 बजे से




ATTACK (हिंदी में)
कलाकार- जॉन अब्राहम, रकुलप्रीत सिंह, प्रकाश राज, किरन कुमार आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

सिटी मॉल बरही रोड में
ऑल इंडिया रिलीज
रोजाना 2 शो ता. 01 से
सुबह 10 एवं रात्रि 10 बजे से




MORBIOUS (हिंदी में)
कलाकार- माईकल कीटन, मैट स्मिथ, कोरे जॉनसन, चार्ली शाटवेल आदि।
Tickets Available on Book My Show
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-422402

नीरज सिनेप्लेक्स में




शानदार दूसरा सप्ताह
रोजाना 3 शो ता. 25 से
11.45, 3 एवं 6.15 बजे से
RRR (हिंदी में)
कलाकार- रामचरन, एन.टी. रामा राव, श्रेया सरन, अजय देवगन आदि।
बुकिंग के लिए संपर्क करें- 07622-221823 मो. 7240871207

यदि आप तक समय पर
यश भारत
नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033

यश भारत
# सिटी न्यूज
कटनी, शुक्रवार, 01 अप्रैल 2022

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT -Epaper

# आबकारी विभाग करेगा दो समूहों की 7 शराब दुकानों का संचालन

## बड़वारा समूह की चार दुकानों और सराय समूह की तीन दुकानों का नहीं हो पाया टेंडर

**कटनी।** जिले की आधा सैकड़ा से अधिक शराब की दुकानों की नीलामी में दो समूहों की 7 दुकानों के लिए कोई बोली नहीं आई। नीलामी के शराब ठेकेदारों द्वारा इन समूहों की दुकानों के टेंडर लेने में रूचि नहीं दिखाए जाने के कारण आज एक अप्रैल से इन दुकानों का संचालन आबकारी विभाग द्वारा किया जाएगा। इन दो समूहों में सराय समूह की सराय, स्टेशन रोड, सुभाष चौक एवं बड़वारा समूह की बडवारा ए, बड़वारा बी, विलायतकला एवं खमतरा शराब दुकान शामिल है। जानकारी के मुताबिक सराय समूह की नीलामी के लिए आबकारी विभाग ने 24 करोड़ 81 लाख 33 हजार 766 रूपए और बड़वारा समूह की नीलामी के लिए 15 करोड़ 50 लाख 17 हजार 925 रूपए लाइसेंस फीस निर्धारित की थी। बताया जाता है कि इन दोनों समूहों की लाइसेंस फीस में करीब 25 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी की गई थी। संभवतः लाइसेंस फीस में बढ़ोत्तरी के बाद ही किसी भी शराब ठेकेदार ने इन समूहों की दुकानों की नीलामी के लिए टेंडर जमा नहीं किया। सूत्रों ने यह भी बताया कि राज्य सरकार की ओर से पिछले साल के निर्धारित लाइसेंस फीस पर ही इन दोनों समूहों की नीलामी के लिए कहा गया था, इसके बावजूद एक भी टेंडर जमा नहीं हुए। उधर दूसरी तरफ 18 समूहों की 56 दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग को करीब 300 करोड़ रूपए की आय होगी। जो कि पिछले साल की आय से कहीं अधिक है।



**18 समूहों की 56 दुकानों की नीलामी से आबकारी विभाग को होगी 2 अरब 38 करोड़ की होगी आय**

### जिले में शराब दुकानों के समूहों की जानकारी

| समूह | आरक्षित मूल्य | प्राप्त लाइसेंस फीस |
|---|---|---|
| 01. उमरियापान समूह | 199899296 | 206400000 |
| 02. कटनी कैम्प समूह | 198429684 | 199151151 |
| 03. विजयराघवगढ़ समूह | 139387234 | 151599999 |
| 04. खिरहनी गांव समूह | 113941319 | 141152552 |
| 05. बाकल समूह | 69027825 | 69188888 |
| 06. रीठी समूह | 135852207 | 139299999 |
| 07. बरही समूह | 155255296 | 142899999 |
| 08. देवगांव समूह | 118046664 | 108100000 |
| 09. खलवारा समूह | 147825067 | 126511555 |
| 10. बस स्टैण्ड समूह | 286954637 | 244545445 |
| 11. बरगवां समूह | 172152152 | 132601234 |
| 12. स्लीमनाबाद समूह | 174403434 | 143562626 |
| 13. बहोरीबंद समूह | 157115191 | 122999999 |
| 14. निवार पहाड़ी समूह | 142008660 | 116161161 |
| 15. गर्ग चौराहा समूह | 126401290 | 94927272 |
| 16. एनकेजे समूह | 123403008 | 92151151 |
| 17. झर्रा टिकुरिया समूह | 119571658 | 84251999 |
| 18. चांडक चौक समूह | 108371072 | 70472272 |
| कुल योग | 2688025693 | 2385977302 |

# ऑफलाइन एग्जाम को लेकर बच्चों में दिखा उत्साह

**कटनी।** बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आज एक अप्रैल से कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षाएं शुरू हो गई। इन परीक्षाओं में छात्र उत्साह से सम्मिलित हुए। पिछले दो सालों से कोरोना संक्रमण के चलते ऑफलाइन परीक्षाओं का आयोजन नहीं हो सका था लेकिन इस साल संक्रमण कम होने के बाद स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देश पर ऑफलाइन परीक्षाओं का आयोजन किया गया है। 1437 प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय में 35 हजार 718 परीक्षार्थियों के लिए जिले में कुल 576 केन्द्र बनाए गए हैं। केन्द्रों में शिक्षकों की ड्यूटी भी लगाई गई है, जो पूरे समय निगरानी कर रही है। जानकारी के मुताबिक उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन बच्चे की अध्ययनरत स्कूल के शिक्षकों के द्वारा नहीं किया जाएगा। विकासखण्ड के अंतर्गत अन्य संकुल केन्द्र को मूल्यांकन केन्द्र बनाया जा रहा है। संबंधित स्कूल के प्राचार्य ही मूल्यांकन केन्द्राध्यक्ष रहेंगे। कक्षा पांचवीं और आठवीं में प्रत्येक विषय में 100 नंबर रहेंगे। जिसमें 60 अंक लिखित और 40 अंक को होमबेस्ट प्रोजेक्ट कार्य होगा। 33 नंबर प्राप्त करना अनिवार्य होगा। लिखित और प्रोजेक्ट वर्ग में पृथक-पृथक से 33 अंक पाना अनिवार्य किया गया है। जिसके बाद ही विद्यार्थी को अगली कक्षा में प्रवेश दिया जाएगा। परीक्षा में बैठने वाला कोई भी विद्यार्थी यदि विनिश्चित अंक या ग्रेड सभी विषयों में प्राप्त नहीं कर पाता है तो उक्त विद्यार्थी को अतिरिक्त शिक्षण दिया जाएगा और परीक्षा परिणाम घोषित होने की तारीख से दो माह के अंदर उसे उन विषयों में फिर से परीक्षा में शामिल होने का मौका मिलेगा। दोबारा परीक्षा के मूल्यांकन के उपरांत भी यदि विद्यार्थी सभी विषयों में अथवा किसी भी विषय में निर्धारित अंक या ग्रेड प्राप्त नहीं कर पाता तो ऐसे बालक को उसकी अध्ययनरत कक्षा में ही वापस रोका जाएगा। फेल बालक को कक्षोन्नति प्रदान नहीं की जाएगी । स्कूल में प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण होने तक किसी भी बच्चे को स्कूल से निष्काषित नहीं किया जाएगा।



**बोर्ड परीक्षा की तर्ज पर आज से शुरू हुईं कक्षा पांचवी और आठवीं की परीक्षाएं**



# परीक्षा देने सिहोरा नहीं जाना पड़ेगा ढीमरखेड़ा के छात्रों को

### एनएसयूआई के आंदोलन के बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने दिया आश्वासन

कटनी। बड़वारा विधायक बसंत सिंह एवं एनएसयूआई अध्यक्ष दिव्यांशू अंशु मिश्रा के मार्गदर्शन में एनएसयूआई बड़वारा द्वारा ढीमरखेड़ा कॉलेज में परीक्षा केंद्र स्थापित करने को लेकर तहसील कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर केंद्र एवं राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। विधायक विजयराघवेंद्र सिंह ने कहा कि ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्रों का परीक्षा केंद्र सिहोरा में बना दिया गया है, जिसके चलते सैकड़ों छात्रों को लगभग 50 किलोमीटर का सफर तय करना पड़ेगा। एनएसयूआई के प्रदर्शन के बाद मांगों को माना गया है। एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहम्मद इसराइल ने बताया कि एनएसयूआई छात्र हित की लड़ाई लड़ रहा है। इसी क्रम में ढीमरखेड़ा कॉलेज के लगभग 1000 छात्र-छात्राओं का परीक्षा केंद्र महाविद्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर सिहोरा कर दिया गया है परीक्षा केंद्र आने के लिए छात्र.छात्राओं के पास व्यक्तिगत साधन ना होने की वजह से निम्न समस्याओं का सामना करना पड़ेगा परीक्षा केंद्र स्थापित करने को लेकर लगातार एनएसयूआई के द्वारा कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा जा रहा था लेकिन मांग पर जब कार्यवाही नहीं की गई तो आज तहसील कार्यालय के सामने मजबूरन धरना दिया गया है। प्रदर्शन करने के बाद छात्रों की मांगे पूरी कर ढीमरखेड़ा महाविद्यालय में ही सेंटर स्थापित किए जाने का आश्वासन प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा दिया गया। एनएसयूआई छात्र नेताओं ने इसे अपनी एवं छात्रों बड़ी जीत बताया है। इस अवसर पर शाहरुख खान, छत्रपाल मारावी, सागर शुक्ला, रवि अवस्थी, सौरभ सेन, मुकेश दाहिया, मनीष राय, ताहिर खान, शाहिद खान, मुस्कान सिंह, अवध यादव, दीनू सिंह, अश्वनी राय, मुस्कान सिंह, शिवानी दाहिया, अनु दुबे, वंदना दहिया, सायमा परवीन, अर्चना काछी, अनिमिका बैरागी, देवेंद्र काछी, संजना यादव, संदीप लौधी, दीपक दाहिया, ज्योति दाहिया, उदित दुबे, सागर शुक्ला, अनिकेत, मुस्कान सिंह, सपना रजक, रागनी पटेल, रोहित साहू, रोहित यादव, चन्दन गिरी, शेखर गिरी, हर्षित त्रिपाठी, स्वाति, शालिनी शुक्ला, शिवानी यादव, भूमि मिश्रा, अंशिका दुबे, पल्लवी सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## महिला चिकित्सक को श्रद्धांजलि सभा आज

कटनी। राजस्थान के दौसा में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा प्रसव के दौरान महिला की मौत के मामले में आत्महत्या करने को लेकर शहर के चिकित्सकों में भी तीखा रोष व्याप्त है। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. उमा निगम ने बताया कि इस घटना को लेकर आज शाम 5 बजे कचहरी चौक में डॉ. अर्चना शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी। उन्होंने कहा कि होनहार गोल्ड मेडलिस्ट चिकित्सक एक मातृशक्ति की जान बचाते-बचाते समाज में पल रहे बदमाशों एवं पुलिस की गलत नीति का शिकार हो गई और एवं आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया। उसकी बस इतनी गलती थी कि उसने राजस्थान मेडिकल कालेज को छोड़कर एक छोटे से गांव में हॉस्पिटल शुरू किया, ताकि प्रसूता को डिलीवरी के लिए यहां वहा न भटकना पड़े। डिलीवरी के बाद खून जाना एक बड़ा कॉम्प्लिकेशन है, जो किसी भी मरीज के साथ हो सकता है। इसके लिए लोगों को जागरूक होने की जरूरत है।

# ग्रामीणों को बताया स्वच्छता का महत्व

कटनी। राजीव गांधी कला व वाणिज्य महाविद्यालय रीठी की राष्ट्रीय सेवा योजना का 7 दिवसीय साप्ताहिक विशेष शिविर स्वास्थ जन स्वच्छता एवं व्यक्तिगत स्वास्थ थीम पर डॉ अशोक कुमार मराठे समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशन व डॉ रुक्मणी प्रताप सिंह जिला संगठक रासेयो अग्रणीय शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के मार्गदर्शन में ग्राम उमरिया में आयोजित हुआ। शिविर में प्रतिदिन सुबह स्वयंसेवको द्वारा प्रभात फेरी प्रेरणादायीं नारो से होती थी। फिर ग्राम में सफाई, सोख्ता गड्ढों का निर्माण बौद्धिक परिचर्चा में श्रम सीकर कार्यक्रम व संध्या कालीन समय में नुक्कड़ नाटक आयोजित किये जाते थे। कार्यक्रम के प्राम्भ दिवस में मुख्य आतिथ्य गोदग्राम के समाजसेवी कोमल प्रसाद नामदेव व अध्यक्षता शासकीय प्राथमिक विद्यालय उमरिया की प्रभारी प्राचार्या श्रीमती अख्तरजहां के कर कमलो से प्रारम्भ हुआ। अतिथियों ने अपने उद्‌बोधन में शिविर के सुचारू संचालन हेतु प्रेरणा दायीं उद्बोधन दिया व कार्यक्रम अध्यक्ष ने सहयोग प्रदान करने की बाते कही। कार्यक्रम समापन दिवस पर मुख्य अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष भरत पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का देश व समाज में किस प्रकार से योगदान रहता है। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ सुरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत ने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के खिलाफलड़ने के लिए जागरूकता कार्यक्रमो के बारे में बाते बताई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष जित्तू पटेल, उप प्राचार्य डॉ मनोज खरे ने भी अपना उद्‌बोधन दिया। कला संकाय विभागाध्यक्ष डॉ श्रीमती ज्योति राजपूत ने बेटी बचायो बेटी पढ़ाओ कन्या भ्रूण हत्या पर अंकुश लगाने की बात रखी। सहायक प्रध्यापक भानु प्रताप मिश्रा, सहायक प्राध्यापक सन्तोष केवट, सहायक प्राध्यापक भोला राम पटेल, ग्रन्थपाल मेहरा, इतिहास के विभागाध्यक्ष डॉ वीरेंद्र प्रताप सिंह राजपूत, कार्यक्रम अधिकारी सतीश कुमार तिवारी ने भी महत्वपूर्ण विषयों पर उद्‌बोधन दिया। शिविर में किशोरी लोधी, बलराम पटेल, राज किशोर लोधी, महेंद्र लोधी, रामस्वरूप पटेल, शिक्षिका श्रीमती जानकी विश्वकर्मा, सरपंच महीप सिंह ठाकुर, सचिव सीताराम पटेल, सहायक सचिव संतोष पटेल, विनय शंकर दुबे, जूनी राजपूत, भरत पटेल, आर के निगम, सुरेश श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास, राजकिरण सिंह, आशीष तिवारी, आनंद पटेल, रोहित पटेल, बराती लाल, रघुराज सिंह, दीपक कुशवाहा, संजय गौतम का सहयोग रहा।



# सेमीनार में हेयर एक्सपर्ट ने ब्यूटीशियंस को सिखाए गुर

### कटिंग, हेयर स्टाइल, कलर की बताईं बारीकियां



**कटनी।** कटनी यूनिक ब्यूटी एसोशिएसन के तत्वावधान में ब्यूटी सेमिनार एक होटल में आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में मौजूद ब्यूटीशियंस को एक्सपर्ट द्वारा विभिन्न बारीकियां बताई गई। मुंबई के हेयर आर्टिस्ट मास्टर कुंदन ने हेयर केमिकल, कलर और कटिंक की बेसिक जानकारी के अलावा एडवांस टेक्नीक के बारे में ब्यूटीशियंस को बताया गया। इस सेमिनार में 150 ब्यूटीशियंस ने हिस्सा लिया, जिनमें कटनी शहर के अलावा मैहर, सतना, कैमोर, विजयराघवगढ़, सिलौंड़ी और सिहोरा ब्यूटीशियंस शामिल थीं। बालों से संबंधित आवश्यक जानकारियों से अवगत होकर ब्यूटीशियंस काफी उत्साहित हुईं। इस अवसर पर सपना मोटवानी, मोना साहू, सिमरन सक्सेना, लक्ष्मी जायसवाल, सैलजा तिवारी, प्रीती गुप्ता, डिपंल रजक, संगीता पटेल आदि बोर्ड मेंबर मौजूद थीं।

## धूमधाम से मनाया गया मोक्ष कल्याणक महोत्सव

कटनी। जैन धर्म के चौदहवें तीर्थंकर श्री 1008 अनंतनाथ भगवान ज्ञान एवं मोक्ष कल्याणक एवं देवाधिरदेव अठारवें तीर्थंकर श्री 1008 अरहनाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक दिवस धूमधाम एवं भक्तिपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर नगर के सभी जैन मंदिरों में प्रातः पूजन अभिषेक आदि का कार्यक्रम आयोजित किया गया। श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन बड़े मंदिर में परमपूज्य निर्यापक मुनि श्री 108 वीर सागर जी महाराज के मांगलिक प्रवचन हुए।

# 883 हितग्राहियों को 26 करोड़ से अधिक के ऋण स्वीकृत

## द्वारका भवन में जिला स्तरीय रोजगार दिवस का आयोजन

**कटनी।** लोगों को स्व रोजगार से जोड़ने के लिए हर माह रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत बुधवार को द्वारका भवन में जिला स्तरीय रोजगार दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक मुड़वारा संदीप जायसवाल, जिला पंचायत प्रशासनिक समिति प्रधान ममता पटेल, जनपद पंचायत कटनी प्रशासनिक समिति प्रधान शैलेष कन्हैया तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष रामरतन पायल, कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ जगदीश चंद्र गोमे उपस्थित रहे। रोजगार मेले का शुभारंभ अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित व कन्या पूजन कर किया।

इस अवसर पर विधायक श्री जायसवाल ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार की मंशानुरूप हर माह रोजगार दिवस कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल में बहुत से लोगों की जमा पूंजी खत्म हो गई थी और वे अपना व्यापार फिर से कर सकें, इसके लिए अलग-अलग योजनाओं के माध्यम से लोगों को लाभ दिया जा रहा है। विधायक श्री जायसवाल ने हितग्राहियों से कहा कि स्व रोजगार स्थापित करने मिलने वाली राशि का सदुपयोग करें और समय पर राशि बैंक में जमा कर आगे भी योजनाओं का लाभ लेकर अपना व्यापार मजबूत करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की उपस्थिति में रीवा में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम का भी सीधा प्रसारण किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मध्यप्रदेश राज्य आजीविका मिशन, पीएम स्वनिधि, स्व रोजगार योजना सहित पशुपालन व अन्य विभागों की योजनाओं के 883 हितग्राहियों को 26 करोड़ 35 लाख 77 हजार रूपये की ऋण स्वीकृति पर राशि व स्वीकृति पत्रों का वितरण किया। इस दौरान आयुक्त नगर निगम सतेन्द्र धाकरे, महाप्रबंधक जिला व्यापार व उद्योग अजय श्रीवास्तव, जनपद पंचायत कटनी सीईओ आरएन सिंह सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित थे।



## चंडिका मंदिर में नवरात्र पर रहेगी धूम

कटनी। चैत्र नवरात्र पर्व चंडिका नगर स्थित मां चंडिका देवी मंदिर में पूरे नौ दिनों तक धूम रहेगी। यहां कलश स्थापना एवं जवारे बोने के साथ ही 2 अप्रैल से 9 अप्रैल तक रोजाना महाआरती का आयोजन किया गया है। 9 अप्रैल को सुबह 9 बजे से 11 बले तक हवन एवं 11.30 बजे से शाम 5 बजे तक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। जय मां चंडिका ट्रस्ट कमेटी ने समस्त श्रद्धालुओं से धार्मिक कार्यक्रमों में पहुंचकर पुण्यलाभ अर्जित करने का आग्रह किया है।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए-
5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

From 1st April 2022
CINEWORLDZ CINEMA KATNI
Mittal MALL




| Audi 1 | Show | Audi 2 | Show | Audi 3 | Show |
|---|---|---|---|---|---|
| The Kashmir Files | 12:00 PM | Morbius Hindi 2d | 10:00 AM | Attack | 10:00AM |
| Attack | 03:30 PM | RRR Hindi 3D | 12:10 PM | Attack | 12:30PM |
| RRR 2D | 6:00 PM | RRR Hindi 3D | 3:30 PM | The Kashmir Files | 3:00PM |
| Attack | 09:30 PM | Morbius Hindi 2d | 7:00 PM | The Kashmir Files | 6:15 PM |
| ........... | ......... | RRR Hindi 3D | 9:15 PM | RRR 2D | 9:45 PM |

Paytm
book my show
TIMINGS MAY CHANGE FOR CURRENT UPDATE VISIT ON BOOK MY SHOW & PAYTM
2nd Floor , Mittal Mall, Beside Mittal Enclave, Collectorate Road, Katni M.P. Contact No. 9993123830

mgm HOSPITAL
एम.जी.एम. में अब जनरल सर्जन एवं पेट रोग विशेषज्ञ अब 24 घण्टे उपलब्ध।



Our Specialist
डॉ.एस.के.सिंह
M.B.B.S., M.S.
सीनियर जनरल एण्ड लेप्रोस्कोपी सर्जन
पूर्व चिकित्सक-
पोद्दार हॉस्पिटल , कोलकाता।
25 वर्ष का दूरबीन सर्जरी एवं अन्य सर्जरी का अनुभव।
आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत इलाज एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध।
For Appointment call or Visit
OPD Timing - Everyday 10:30AM to 02:30PM & 05:30PM-09:00PM
एम.जी.एम. HOSPITAL
कचहरी चौक, फारेस्ट प्ले ग्राउंड के सामने, कटनी (मप्र) 483501
फोन नं: 07622-405070-71-72
Email: info@mgmhospitalkatni.com
Website: www.mgmhospitalkatni.com

**निजी खदानों से लाइम स्टोन लेकर काम चला रही एसीसी**

# भूमि विवाद के चलते एसीसी माइंस में उत्पादन ठप

## एक सैकड़ा श्रमिकों के सामने रोजी-रोटी का गम्भीर संकट, एसीसी क्वारी मजदूर संघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

**कैमोर। कैमोर स्थित एसीसी की बीएमजी माइंस में पिछले तीन सप्ताह से भी अधिक समय से लाइमस्टोन का उत्खनन और परिवहन ठप है। भू स्वामी द्वारा एसीसी पर उसकी निजी भूमि पर अवैध उत्खनन का आरोप लगाते हुए माइंस आने-जाने के रास्ते पर अवरोधक खड़े कर दिए हैं। बी एम जी माइंस से उत्खनन बंद हो जाने पर एसीसी महगांव माइंस सहित कुछ निजी खदान संचालकों से लाइमस्टोन लेकर काम चला रही। किसी तरह एसीसी का काम तो चल रहा पर बीएमजी माइंस में काम करने वाले एक सैकड़ा से अधिक मजदूरों के सामने रोजी-रोटी का संकट आ खड़ा हुआ है। एसीसी क्वारी मजदूर संघ द्वारा गत दिवस विजयराघवगढ़ एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपकर शीघ्र ही इस समस्या का समाधान कराने की मांग की गई है।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार जिस भूमि को लेकर विवाद चल रहा वह भूमि 1962 तक प्यारीबहु, बेनीलाल, जगतधारी और कनछेदी के नाम दर्ज थी। तत्कालीन न्यायालय अपर कलेक्टर द्वारा तब एसीसी के पक्ष में फैसला देकर भ स्वामियों को सरफेस डिस्टरफेन्स के तहत क्रमशः 8453 और 4378 रुपये का मुआवजा भुगतान कर उक्त भूमि में उत्खनन की अनुमति प्रदान कर दी थी। सन 1979 में एसीसी द्वारा अतिरिक्त कलेक्टर से 20 वर्ष की लीज रिलिवल कराई गई। कायदे से यह लीज भी 1989 में समाप्त हो गई। इसके बाद भी एसीसी की ओर से उक्त भूमि पर कब्जा जारी रखते हुए उत्खनन कार्य किया जाता रहा।

2007 में उक्त भूमि के पूर्व भू स्वामियों द्वारा भूमि का विक्रय कर नया विक्रयपत्र निष्पादित किया गया। नये भू स्वामियों ने जब उक्त भूमि पर अपना कब्जा क़ायम करने की कोशिश की तो एसीसी सिविल कोर्ट चली गई और भू स्वामियों सहित कलेक्टर और हल्का पटवारी को पार्टी बनाते हुए विक्रयपत्र पर संदेह जताया। एसीसी के अधिवक्ता की ओर से उक्त भूमि का 2007 में निष्पादित विक्रयपत्र को शून्य घोषित करने की मांग की गई। यह प्रकरण पिछले 14-15 सालों से सिविल न्यायालय विजयराघवगढ़ में विचाराधीन रहा। जहां एसीसी उक्त भूमि पर अपने लीज स्वामित्व संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाई। प्रकरण की सुनवाई करते हुए व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ खण्ड न्यायाधीश ने दिसम्बर 2021 में अपना फैसला दे दिया जिसमें एसीसी की ओर से दायर वह याचिका खारिज कर दी गई जिसमें 2007 के विक्रयपत्र को शून्य घोषित करने की मांग की गई थी।

न्यायालय से फैसला हो जाने के बाद एसीसी को मौजूदा भू स्वामी से मिलकर समझौता करना था पर एसीसी ने रुचि नहीं दिखाई अलबत्ता फैसला हो जाने के बाद भी उक्त विवादित भूमि से उत्खनन और परिवहन जारी रखा। भू-स्वामी के अनुसार एसीसी मामले के निपटारे के लिए समय मांगती रही पर दिए समयावधि में भी जब एसीसी ने कोई पहल नहीं की तब मजबूर होकर उसने अपनी भूमि पर कब्ज़ा कर लिया है। इस सम्बंध में यह भी चर्चा है कि भू-स्वामी द्वारा समझौते के रूप में जो प्रस्ताव रखा है उसमें बहुत बड़ी राशि का भुगतान शामिल है जो एसीसी को स्वीकार नहीं है। एसीसी इस मामले को ऊपर सक्षम न्यायालय में ले जाने पर विचार कर रही।

बहरहाल भू-स्वामी द्वारा तीन हफ़्ते पहले अपने स्वामित्व की भूमि पर कई ट्रक मिट्टी मुरुम आदि गिराकर तथा वाहन खड़े कर वह मार्ग अवरुद्ध कर दिया है जहां से एसीसी के वाहन माइंस में प्रवेश करते थे। मार्ग बंद हो जाने से उत्खनन कार्य भी बंद है। इस खदान से प्रतिदिन लगभग 4 हजार टन लाइम स्टोन का उत्खनन होता था। यहां 50 स्थायी और लगभग 60 ठेका श्रमिक कार्य करते थे। खदान बंद होने के बाद एसीसी आस पास की निजी खदानों और अपनी महगांव खदान से लाइमस्टोन लाकर काम चला रही पर यहां काम करने वाले श्रमिकों के सामने रोजगार की समस्या आ खड़ी हुई है।

एसीसी में सक्रिय इंटक से सम्बद्ध श्रमिक संगठन एसीसी क्वारी मजदूर संघ की ओर से गत दिवस इस संबंध में यूनियन के अध्यक्ष श्याम तिवारी और प्रधानमंत्री विवेक रंजन शुक्ला के नेतृत्व में एक ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया है जिसमें इस समस्या का कोई ठोस हल निकाले जाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वाले प्रतिनिधि मंडल में अध्यक्ष श्याम तिवारी एवं जनरल सेक्रेटरी विवेक रंजन शुक्ला कार्यकारी अध्यक्ष चार्ल्स बार्नेटए संजय विश्वकर्मा, नीरज बड़गैयां, दिलीप राठौर, रियाद सिद्दीकी, अमित तिवारी कांग्रेस नेता सुरेंद्र दुबे, भीम बहादुर, सरवर खान आदि शामिल थे।

# उत्कृष्ट विद्यालय एवं मॉडल स्कूलों में प्रवेश के लिये परीक्षा 3 अप्रैल को

### जिले के 9 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी परीक्षा

**कटनी।** जिला मुख्यालय में संचालित उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2022-23 अंतर्गत कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिये प्रवेश परीक्षा 3 अप्रैल को आयोजित की जा रही है। यह प्रवेश परीक्षा रविवार को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जिले में निर्धारित 9 परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी पी.पी. सिंह ने बताया कि प्रवेश परीक्षा के लिये शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी, शसकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एनकेजे कटनी, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी, कुन्दनदास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटनी, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहोरीबंद, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़वारा, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उमरियापान, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रीठी, शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विजयराघवगढ़ को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इस परीक्षा में शामिल होने के लिये जिन छात्रों ने ऑनलाईन आवेदन किया है, वे एमपीएसओएस की वेबसाईट के माध्यम से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। परीक्षा केन्द्र पर आवेदक को काला बॉल पॉईन्ट पेन, परीक्षा हॉल में प्रवेश के लिये प्रवेश पत्र के साथ ही फोटोयुक्त पहचान पत्र और आधार कार्ड अथवा जिस विद्यालय में अध्ययनरत है, उस विद्यालय के प्राचार्य या प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित किया हुआ फोटोयुक्त पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा।

# मुमताज़ बानो जिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष बनी

**कटनी।** जिले की सक्रिय कांग्रेसनेत्री सुश्री मुमताज़ बानो को कांग्रेस जिला महिला सेवादल इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस सेवादल की प्रदेशाध्यक्ष



राजकुमारी रघुवंशी ने अभा कांग्रेस सेवादल के राष्ट्रीय संगठक लालजी देसाई की स्वीकृति व मध्यप्रदेश कांग्रेस सेवादल के मुख्य संगठक रजनीश हरिवंश सिँह की सहमति से उक्ताशय का नियुक्ति पत्र जारी करते हुए अपेक्षा व्यक्त की है कि वे संगठन के सिद्धांतों का पालन करते हुए सेवादल को मजबूत बनाएँगी। मुमताज़ बानो को जिला महिला कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष बनाए जाने पर पंकज गौतम, माया चौधरी, मिथिलेश जैन, गुमान सिंह, पूर्व विधायक सौरभ सिंह, विधायक विजयराघवेन्द्र सिंह, पूर्व जनपद अध्यक्ष जहांआरा बेगम, पूर्व महापौर विजेंद्र मिश्रा, करण सिंह चौहान, राजेश जाटव आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

# कटनी में हुआ मध्यप्रदेश महिला फुटबाल टीम का चयन

## जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने चयनित खिलाड़ियों से भेंट कर दी शुभकामनाएं

**कटनी।** कोरबा छत्तीसगढ़ में आयोजित 43 वीं सीनियर राष्ट्रीय महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्यप्रदेश की टीम का चयन विगत दिवस कटनी के एसीई ग्राउंड में किया गया। कटनी महिला फुटबॉल संघ के सचिव सुनील रजक ने बताया कि इस प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश के समस्त जिले भोपाल, होशंगाबाद, बैतूल, शहडोल, जबलपुर, मैहर, कटनी, देवास, बैकुंठपुर, खरगोन आदि के महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। तीन दिवसीय प्रशिक्षण और चयन शिविर एसीई मैदान कटनी में आयोजित किया गया। शिविर का समापन जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। जहां पर मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा उनकी खेल प्रतिभा का अवलोकन किया। इस अवसर पर वरिष्ठ खिलाड़ी नवीन जग्गी, आदेश खरया, कटनी महिला फुटबॉल संघ के अध्यक्ष अमित नेमा, पीएस बैरागी, अशोक राव, अच्छेलाल, अरविंद



चटर्जी, संदीप मौर्य, वीरेंद्र सिंह, टॉप दादा, राम प्रसाद ढोला और डीएसओ विजय भार और सभी खेल प्रेमी और खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए एसीई फैक्ट्री के प्रबंधक का विशेष योगदान रहा। चयन स्पर्धा उपरांत मध्य प्रदेश महिला फुटबाल टीम की घोषणा की गई। चयनित खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि अशोक विश्वकर्मा के द्वारा आशीर्वाद दिया गया। चयनित खिलाड़ियों में उमा केवट, सानिया, मोनिका बुनकर, आंचल केवट, कंचन चतुर्वेदी, सीमा तिर्की, बिपाशा सतनामी, ज्योति, अनुष्का, रिजु, कविता, चेतना, अनुराधा, संजना एंजेल, कीर्ति, आरती का चयन किया गया। चयन मध्य प्रदेश महिला फुटबॉल संघ के सचिव प्रदीप पलासिया, अशोक राव, सीतासम एवं सुनील रजक द्वारा किया गया।

# कटनी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्टेडियम की दरकार

### सांसद वीडी शर्मा ने केन्द्रीय खेल मंत्री से की मांग

**कटनी।** कटनी खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय खेल एवं युवा मामलों के मंत्री अनुराग ठाकुर से सौजन्य भेंट कर कटनी जिले में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाए जाने की मांग की। सांसद श्री शर्मा ने केन्द्रीय मंत्री को बताया कि कटनी जिले में कटनी नगर पालिक निगम है तथा रेलवे का बड़ा जक्शन भी है। साथ ही कटनी खजुराहो लोकसभा क्षेत्र का बड़ा नगरीय क्षेत्र होने के साथ ही साथ देश के सबसे बड़े राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी स्थित है। इसके अलावा कटनी महाकौशल,



बुन्देलखंड व बघेलखंड क्षेत्र का केन्द्र बिंदु भी है। इसलिए खेलों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कटनी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बनाया जाना उपयुक्त होगा। इसके लिए यहां पर्याप्त भूमि भी उपलब्ध है। सांसद ने कहा कि कटनी में अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम बन जाने से इस क्षेत्र की खेल प्रतिभाएं अंतर्राष्ट्रीय फलक पर उभर कर खेल की विभिन्न विधाओं में देश एवं प्रदेश का नाम रोशन कर सकेंगे।

## महंगाई के विरोध कांग्रेस का प्रदर्शन



**जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिथलेश जैन के नेतृत्व में डीजल गैस की बढ़ी कीमतों के विरोध में कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा मिशन चौक में विरोध प्रदर्शन किया गया विरोध प्रदर्शन में गैस सिलेंडरों को माला पहनाकर विरोध किया गया।**

# कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव ने की सदस्यता की समीक्षा

**कटनी।** जिला शहर कांग्रेस कमेटी की बैठक में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्य प्रदेश के प्रभारी संजय कपूर ने उपस्थित होकर संगठनात्मक व कांग्रेस सदस्यता कार्य की समीक्षा की। बैठक में जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष मिथलेश जैन, ग्रामीण अध्यक्ष गुमान सिंह, लोकसभा की प्रत्याशी रही कविता सिंह, पूर्व अध्यक्ष प्रियदर्शन गौर, जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अमित शुक्ला, गिरधारी लाल सोनी, राकेश जैन, शिवकुमार यादव, रमेश सोनी, इश्तियाक अहमद, पंकज गौतम, गिरीश गर्ग, मनोज गुप्ता, मोसुफ बिट्टू,



राजकिशोर यादव, अंशु मिश्रा, हेमा शर्मा, माया चौधरी, चोखे भाई जान, सुनील श्रीवास, मुमताज खान, शेखर भारद्वाज, पार्थ समाधिया, जितेंद्र गुप्ता, उमेश सोनखारे, अरविंद, गगन तिवारी, रुकमणी पांडे, अजय गोंटिया, दुर्गावती कोल, कविता सिंह, मोनू यादव, रमेश अहिरवार, जगदीश निषाद, लबी सिंह, जय दहिया आदि कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# चैत्र नवरात्रि पर व्यवस्थाओं के लिए निगमायुक्त ने सौपे दायित्व

**कटनी।** नगर में चैत्र नवरात्रि पर्व 2 अप्रैल से प्रारंभ होकर 10 अप्रेल तक चलेगें। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे ने नवरात्रि पर्व पर शहर के विभिन्न देवी मंदिरों जालपा मंदिर, झंडा बाजार स्थित देवी माता मंदिर, घंटाघर काली माता मंदिर, गाटरघाट रोड स्थित दुर्गा माता मंदिर, महरी माता मंदिर, शहीद द्वार के पास स्थित दुर्गा माता मंदिर, पुराना जंगल दफ्तर के पास शीतला माता मंदिर, बरगवां स्थित भूमि प्रकट शारदा माता मंदिर, विश्राम बाबा काली माता मंदिर, पाठक वार्ड स्थित बलखंण्डी शारदा माता मंदिर, लखेरा स्थित खेरमाई मंदिर एवं नालंदा स्कूल के पास दुर्गा माता मंदिर में नगर पालिक निगम कटनी से संबंधित आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कराने हेतु निगम की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे जाकर प्राथमिता के आधार पर कार्य पूर्ण करानें के निर्देश प्रदान किये है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि पर्व में जालपा देवी मढिया के आसपास तथा पहुंच मार्ग शहर के अन्य देवी मढियों मंदिरों के आसपास प्रकाश की समुचित व्यवस्था कराने, विद्युत पोल के प्वाइंटों को दुरूस्त करने, आवश्यकतानुसार अतिरिक्त प्वाइंट लगाकर प्रकाश की व्यवस्था कराने तथा जवारा विसर्जन घाट, कुण्ड के आसपास प्रकाश की अतिरिक्त व्यवस्था करनें हेतु निगम की विद्युत शाखा के अधिकारियों को निर्देशित



किया गया है। नवरात्रि पर्व पर श्रद्धालुओं की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए जालपा देवी मंदिर पहुंच मार्ग, मुख्य मार्ग, जवारा मार्ग एवं शहर के सभी देवी मंदिरों के पहुंच मार्गो में सुगम आवागमन हेतु गढ्डों की मरम्मत एवं पेचवर्क का कार्य कराये जाने, परम्परानुसार नदी घटों पर जवारा विसर्जन हेतु जलकुंडो की व्यवस्था करानें हेतु निर्देशित किया गया है। नगर के देवी मंदिरों के आसपास तथा पहुंच मार्गो में आवश्यक रूप से दौनों पालियों में साफ-सफाई एवं चूनें की लाईनिंग तथा कीटनाशक दवा का छिड़काव, मंदिरों के आसपास आवारा जानवर एवं पर समुचित नियंत्रण हेतु कर्मचारियों की डयूटी लगाने, जवारा विसर्जन के दिन विसर्जन मार्गो सहित नदी, घाटों एवं विसर्जन कुण्डों की विशेष सफाई व्यवस्था करानें आवश्यकतानुसार टेंकरों के माध्यम से अतिरिक्त पेयजल की व्यवस्था करानें सहित जालपा देवी मंदिर एवं अन्य मंदिरों के आसपास पेट्रोलिंग कर अस्थाई अतिक्रमण को हटवानें की कार्यवाही के निर्देश निगम की संबंधित शाखाओं के अधिकारियों कर्मचारियों को प्रदान किये गए है।

# सद्भावना दौड़ से हुआ चेट्रीचंड महोत्सव का आगाज

## समाजसेवियों ने शीतल पेयजल एवं फलों के रस से धावकों का किया स्वागत







**कटनी।** भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव चेटीचंड महोत्सव के अवसर पर सद्भावना दौड़ का आयोजन माधव नगर स्थित झूलेलाल मंदिर से प्रातः 6 बजे प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत झूलेलाल सेवा मंडल के प्रतिनिधियों ने भगवान श्री झूलेलाल के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर ज्योत प्रज्वलित कर की। मंच पर माधव नगर निधि ग्रुप की बालिकाओं की टीम ने जुम्बा और एयरोबिक्स व्यायाम नृत्य की संगीतबद्ध प्रस्तुति मनमोहक ढंग से धार्मिक एवं देशभक्ति के गीतों की धुनों पर दी। तत्पश्चात झूलेलाल सेवा मंडल अध्यक्ष झम्मटमल ठारवानी ने हरी झंडी दिखाकर सद्भावना दौड़ की शुरुआत कराई। भारत माता की जयकार के नारों के साथ तिरंगा लहराते हुए और जय झूलेलाल के धार्मिक उद्घोष के साथ धर्मध्वजा हाथ में लेकर ज़ब बालक बालिकाओं के साथ युवा बुजुर्गों ने सद्भावना दौड़ मार्ग पर कदमताल किया तो मार्ग के बीच नागरिकों ने स्वच्छ जल एवं फलों का रस धावकों को देकर उनका स्टेमिना और उत्साह बढ़ाया। झूलेलाल मंदिर से प्रारंभ होकर पोस्ट ऑफिस रोड, चावला चौक, हरे माधव चौक, मेन बाजार, रोचामल चौक, कैरिन लाइन से होकर पंजाबी धर्मशाला रोड, हरेनारायण चौक, बाबा माधव शाह चिकित्सालय रोड एहरे माधव दरबार होते हुए लगभग दो किमी तक की दौड़ पूरी करके बच्चे बड़े बुजुर्गों एवं मातृ शक्तियों ने उत्साह के साथ अपनी दौड़ पूर्ण की।सद्भावना दौड़ मार्ग पर पोस्ट ऑफिस चौक में कालू भैया ने कैरिन लाइन में अजय मिहानी ने ग्रामपंचायत चौराहे में रोमेश रिम्मी खुराना ने और मंदिर परिसर में आशीष सोनी आदि समाजसेवियों ने ठंडे पेय जल एवं फ्रूटी, लीची, जूस बिस्कुट की व्यवस्था की थी। मंदिर परिसर में समाप्ति पश्चात सद्भावना दौड़ में शामिल हुए सभी लोगों को पुरस्कार स्वरूप सर्टिफिकेट एवं गिफ्ट बांटे गए। रोज बाउल स्कूल के संचालक तेजीन्दर सिँह की ओर से सभी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री प्रोत्साहन स्वरूप भेंट की गई। दौड़ में सभी सेवादारों ने झूलेलाल की तस्वीर की टीशर्ट व सभी प्रतिभागियों ने सफेद टोपी पहनी जिसकी व्यवस्था सुशील मोटवानी द्वारा की गई थी। दिपा ग्रुप गर्ल्स टीम ने फिर से व्यायाम नृत्य कला से सबको अभिभूत कर दिया। पुरुस्कार वितरण कार्यक्रम में झूलेलाल सेवा मंडल की ओर से अध्यक्ष जे एम ठारवानी कार्यक्रम प्रभारी पायल जेतवानी एथलीट कोच आशु चौधरी, मौसुफ अहमद बिट्टू, लक्ष्मण नंदवानी, विजय वाधवानी, जोधाराम जयसिंघानी आदि ने अपने उदबोधन में सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन पायल जेतवानी ने किया स सद्भावना दौड़ के आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न सहयोगियों को श्रीफल एवं शाल भेंटकर उनका सम्मान किया गया। चेतन हिंदुजा, अजीत आसरानी, देवीदास सोनी, खियल चावला, यूवा टीम में गुलशन, मनीष, विकास। राखी, वंशिका, काव्या, सरिता, प्रिया आदी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

# सुगम यातायात व्यवस्था के लिए लगे ट्रेफिक सिग्नल

**कटनी।** जिला कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन एवं निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के मार्गदर्शन में नगर पालिक निगम कटनी द्वारा नागरिकों की सुविधा एवं सुगम यातायात को दृष्टिगत रखते हुए निरंतर विकास कार्य किये रहे है। इसी क्रम में नगर पालिक निगम की परिवहन कंपनी दीनदयाल कटनी सिटी बस सर्विसेस लिमिटेड द्वारा नगर के शहरी परिवहन के लिये यातायात को व्यवस्थित करने हेतु विगत रात्रि शहर के मुख्य स्थलों पन्ना मोड एवं कटाए घाट मोड पर आटोमेटिक सोलर ट्रेफिक सिग्नल स्थापित करानें का कार्य पूर्ण कराया जाकर सुगम यातायात की सुविधा प्रदान की गई। निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह



धाकरे ने बताया कि कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में निकट भविष्य में नगर के तिराहों एवं चौराहों पर जेब्रा क्रासिंग का निर्माण किया जायेगा। वर्तमान में दो स्थलों पर स्थापित किये गए आटोमेटिक सोलर ट्रेफिक सिंग्नल मे रोड क्रासिंग हेतु लाल एवं हरी कलर की पेडिस्ट्रियन लाईट की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है ताकि पैदल चलने वाले नगारिकों को रोड क्रास करने कठिनाईयों का सामना न करना पडे। सिंग्नल में सोलर सिस्टम होनें के कारण निगम को बिजली पर होनें वाले व्यय को कम किया जा सकेगा तथा दूसरी ओर नागरिको को यातायात में सुविधा प्राप्त होगी।

# पीएम आवास और शौचालय में अनियमितताओं की शिकायत लेकर गए आदिवासी युवक की बेरहमी से पिटाई

## सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद आरक्षक व पंचायत सचिव निलंबित

**कटनी। ढीमरखेड़ा जनपद के अंतर्गत ग्राम सिलौड़ी में कटनी पुलिस का एक बार फिर बर्बर चेहरा सामने आया है। यहां एक आदिवासी युवक धर्मेंद्र कोल शौचालय और आवास योजना का लाभ लेने के लिए रोजगार सहायक अमरेश राय के घर पहुंचा। इस पर उपस्थित सचिव कुंजबिहारी चन्पुरिया ने पुलिस को बुलावा लिया और आदिवासी युवक की जमकर पिटाई करवा दी। इसका वीडियो इंटरनेट मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है। हालांकि मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद एक आरक्षक व पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया गया है।**

### रोजगार सहायक पर एससीएसटी एक्ट के तहत दर्ज हुई एफआइआर

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आदिवासी युवक धर्मेंद्र कोल शौचालय और आवास योजना का लाभ लेने के लिए रोजगार सहायक अमरेश राय के घर पहुंचा। यहां उसने प्रधानमंत्री आवास योजना और शौचालय के निर्माण और अनियमितताओं को लेकर को लेकर कुछ सवाल कर दिए तभी सचिव कुंजबिहारी चन्पुरिया ने पुलिस को बुलवा लिया और सभी लोगों ने मिलकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस कर्मी द्वारा आदिवासी युवक की पिटाई का वीडियो कटनी इंटरनेट मीडिया ग्रुपों में जम कर वायरल हो रहा है । पुलिस अधीक्षक सुनील जैन ने पूरे मामले को संज्ञान लेते हुए बताया कि जो इंटरनेट मीडिया वीडियो वायरल हो रहा है। उसमें



जिस भी पुलिस कर्मी द्वारा मारपीट की गई है उसे निलंबित कर दिया गया।

एसपी सुनील जैन ने बताया कि आदिवासी युवक के साथ मारपीट का वीडियो वायरल होते ही पंचायत रोजगार सहायक अमरीश उर्फ मिंटू राय के खिलाफ एससी एसटी एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है साथ ही कार्रवाई के लिए कलेक्टर को अवगत करवाया गया है। घटनाक्रम के समय मौजूद आरक्षक सौरभ जैन को निलंबित कर दिया गया है। एसपी सुनील कुमार जैन ने कहा कि इस तरह से अपराधिक कृत्य को अंजाम देने वाले दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। फिर वह पुलिस वाला ही क्यों न हो। किसी भी हाल में इस तरह की घटनाएं नहीं होनी चाहिए। उन्होंने थाना प्रभारियों को भी सख्त हिदायत दी है। इस तरह के मामलों में तत्काल संज्ञान में लें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करें।

### यात्रियों की परेशानी को देखते हुए रेलवे ने किया सुविधा में विस्तार

# आज से 8 ट्रेनों में और मिलने लगी अनारक्षित टिकिट

**कटनी।** कोविड-19 के चलते सामान्य दर्जे की बंद टिकिट पर यात्रा की सुविधा पुनः प्रारंभ करने के रेल प्रशासन के चरणबद्ध कार्यक्रम के तहत आज 01 अप्रैल शुक्रवार से 08 यात्री गाड़ियों में और यात्रियों को बुकिंग काउंटर से रेलवे की सामान्य दर्जे की टिकिट देना प्रारंभ कर रहा है। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक विश्वरंजन ने बताया कि जबलपुर से प्रारंभ होने वाली गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12189 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन महाकौशल एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12181 जबलपुर-अजमेर दयोदय एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 11447 जबलपुर-हाड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 12194 जबलपुर-यशवंतपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस सहित रीवा से प्रारंभ होने वाली गाड़ी संख्या 11703 रीवा-अंबेडकर नगर एक्सप्रेस, गाड़ी संख्या 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस एवं सतना-कटनी-जबलपुर होकर चलने वाली गाड़ी संख्या 22938 रीवा-राजकोट हनुमना एक्सप्रेस के अनारक्षित कोच में अब सामान्य दर्जे की अनारक्षित टिकिट स्टेशनों पर विंडो से प्राप्त करके यात्री अपनी यात्रा कर सकेंगे। गौरतलब है कि रेलवे के द्वारा इसके पूर्व प्रथम चरण में 07 मार्च से इंटरसिटी गाड़ियों में भी उक्त व्यवस्था प्रारंभ की गई थी तथा आगामी 01 मई से 24 अन्य मेल एक्सप्रेस गाड़ियों में भी इस सुविधा प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित है।

### कटनी-मैहर-सतना के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

इसी तरह नवरात्र पर्व को देखते हुए रेल प्रशासन ने मैहर जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए कटनी से मैहर होकर सतना के लिए मेला स्पेशल ट्रेन गाड़ी संख्या 01127 भी चलाने का निर्णय लिया गया है। 12 कोचों की इस गाड़ी को कटनी से कल शनिवार 02 अप्रैल को प्रातः 05:45 बजे रवाना किया जाएगा जो कि मैहर सुबह 07:40 तथा सतना 09:15 बजे पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी सतना से 10:40 बजे चलकर मैहर 11:25 बजे पहुंचकर वापस कटनी 13:45 बजे आ जाएगी। यह गाड़ी 02 अप्रैल से 16 अप्रैल के मध्य 15 ट्रिप चलेगी।



# फायर अलार्म सिस्टम से लैस हुआ कटनी स्टेशन

### स्टेशन के संचालन का ब्रेन अर्थात रिले रूम की करेगा संरक्षा

**कटनी।** रेलवे अपनी अधोसंरचना में लगातार विस्तार कर रहा है। रेल संरक्षा को मजबूत करने के लिए कटनी जंक्शन व कटनी मुड़वारा रेलवे स्टेशनों पर फायर अलार्म सिस्टम की स्थापना के कार्य तीव्र गति से किये जा रहे हैं। जिससे रेल संचालन सुरक्षित एवं संरक्षित तरीके से हो सके। गौरतलब है कि रेलवे के द्वारा कटनी सहित 231 रेलवे स्टेशनों पर फायर अलार्म सिस्टम उपलब्ध कराये गये हैं। रेल अधिकारियों के मुताबिक स्टेशन के संचालन का ब्रेन जो कि रिले रूम कहलाता है, जिसे सुरक्षित रखना अति आवश्यक होता है। अर्थात स्टेशनों के संचालन की सम्पूर्ण गतिविधियों के सुरक्षित निष्पादन हेतु इस फायर अलार्म सिस्टम को मुख्यतः रिले रुम में लगाया जाता है तथा इसका डिसप्ले बोर्ड स्टेशन मास्टर के रूम में लगा रहता है।

### फायर अलार्म सिस्टम की विशेषताएं

-गर्मियों में 58 डिग्री सेल्सियस से ऊपर का तापमान एवं तापमान की वृद्धि दर (6 डिग्री सेल्सियस से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच) का पता लगाने के लिए लीनियर हीट सेंसिंग केबल्स का उपयोग करना।

-फोटो इलेक्ट्रॉनिक तकनीक द्वारा स्मोक के धुएं का पता लगाना।

-यदि गर्मी बढ़ जाती है तो यह रिले रूम, आईपीएस रूम और स्टेशन मास्टर रूम में ऑडियो अलार्म बजर प्रदान किया गया है। जिससे त्वरित कार्यवाही करते हुए रिले रूम को रोका जा सके।

-सेंसर/डिटेक्टर द्वारा 10 सेकेंड से कम समय में अलार्म जनरेशन पर प्रतिक्रिया का पता चलता है।

-कंट्रोल पैनल में सेंसर/डिटेक्टर से सिग्नल पड़ने के लिए ऑडियो/विजुअल देने के लिए अलार्म पैनल इनबिल्ट अलार्म साउंड 105 डीबी से अधिक है।

# थिक वेब स्विच से बढ़ेगी ट्रेनों की गति

## सामान्य प्वाइन्ट के स्थान पर रेलवे ने लगाए 844 थिक वेब स्विच



**कटनी।** रेलट्रैक को मजबूती प्रदान करने और ट्रैक की स्पीड बढ़ाने के लिए रेलवे लगातार प्रयास कर रहा है। अब रेलट्रैक की स्थिरता के लिए कांक्रीट स्लीपर को पटरी के साथ मजबूती प्रदान करने के लिए सामान्य प्वाईन्ट के स्थान पर थिक वेब स्वीच का उपयोग किया जा रहा है। रेलवे ने तीव्र गति से कार्य करते हुए वर्ष 2021-22 में कटनी-इटारसी, कटनी-मानिकपुर, कटनी-शहडोल, कटनी-सिंगरौली व कटनी-बीना रेलखंड सहित पश्चिम मध्य रेलवे के अंतर्गत आने वाले दूसरे रेलखंडों में 844 थिक वेब स्विच रेल लाईनों में स्थापित किए जा चुके हैं। थिक वेब स्विच लगाने का कार्य अधिकतर मुख्य रेल लाईनों पर किया गया है। थिक वेब स्विच का इस्तेमाल बढ़ने से ट्रैक पर ज्यादा स्पीड के साथ ट्रेनों का संचालन किया जा सकता है। गति एवं संरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण सिद्ध होगा। इस कार्य को तीव्र गति से किया जा रहा है। जिससे गाड़ियों की गति को अधिक बढ़ाया जा सके। अभी तक मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों की अधिकतम गति 130/110 किमीप्रति घंटा है। जिसे अब बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटे की गति को हासिल करने पर विचार एवं कार्य किया जा रहा है। थिक वेब स्विच लगाने में लगभग ढाई से तीन घंटे का ब्लॉक की आवश्यकता के साथ 30 से 40 कर्मचारियों की आवश्यकता पड़ती है। इसके साथ-साथ इसमें इस्तेमाल होने वाली प्वाईन्ट मशीन भी काफी सृदृढ़ है। यह कार्य रेलव के इंजीनियरिंग, दूरसंचार एवं संकेत, परिचालन और विद्युत विभाग के सामूहिक प्रयासों से किया जा रहा है।

### थिक वेब स्विच की प्रमुख विशेषताएं

-रेलट्रैक पर अनुमानित गति 130 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 160 किमी प्रति घंटे की जा सकती है।
-लॉन्ग हॉल मालगाड़ी जैसी भारी गाड़ियों के भार को सहने की अदभुत क्षमता।
-सामान्य प्वाईन्ट की तुलना में थिक वेब स्वीच की विश्वसनीयता बहुत अधिक है।
-संरक्षा की द्रष्टि से सामान्य स्विच की तुलना में अधिक सुरक्षित है।
-इसे नई रेल लाइन की कांक्रीट स्लीपरों पर आसानी से लगाया जा सकता है जो सुरक्षा की द्रष्टि से महत्वपूर्ण है। सामान्य स्विच की तुलना में थिक वेब स्वीच की लाइफ 3 गुना अधिक होती है। साथ ही साथ इसका रखरखाव बहुत ही कम करना पड़ता है।
-यात्रियों को आरामदायक यात्रा में और होगी बढ़ोत्तरी क्योंकि ट्रेनों के प्वाईन्ट बदलने के समय नहीं लगेगा झटका। जिससे साथ ही रेल यात्रा का सुखद अनुभव प्रदान करेगा।

# आधीरात किशोर ने लगाई फांसी

### कारण अज्ञात, पुलिस जांच में जुटी

**कटनी।** बरही थाना अंतर्गत ग्राम गैरतलाई में एक 17 वर्षीय किशोर के द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। आत्महत्या किए जाने के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम गैरतलाई निवासी रमेश तिवारी के 17 वर्षीय पुत्र शनि तिवारी के द्वारा 30 व 31 मार्च की दरम्यानीरात लगभग एक बजे घर पर ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गई। सुबह जब परिजन उठे तो उन्हे शनि की लाश फंदे पर झूलते हुए मिली। हालांकि शनि के द्वारा यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया गया। इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

**REQUIRED**
Lord Mahavira English Med. School, Katni & Digamber Jain English/Hindi Med. H.S. School, Katni
Qualified trained Experienced Teacher are Invited For the Post of TGT ( All Subject ) PRT (All Subject)
Admission open LKG, UKG 1st to 9th
Address- Opposite SBI Main Branch , Katni (Special Priority to English Medium)
Cont. No. 6264915014, 6264915011

**आवश्यकता है**
लार्ड महावीरा अंग्रेजी माध्यम विद्यालय एवं दिगम्बर जैन अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम उ.मा. विद्यालय, कटनी
हेतु शिक्षित, अनुभवी एवं प्रशिक्षित अभ्यर्थी की आश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी निम्न पते पर आवेदन प्रस्तुत करें। योग्यता- स्नातक, स्नातकोत्तर एवं बी.एड. प्रशिक्षित।
प्रवेश प्रारंभ LKG, UKG 1st to 9th
पता- एस.बी.आई. मुख्य शाखा के सामने, कटनी (म.प्र.) (अंग्रेजी माध्यम को विशेष प्राथमिकता) संपर्क सूत्र- 6264915014, 6264915011

# जिले के 9 आदतन अपराधियों का जिलाबदर

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रियंक मिश्रा ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत 9 आदतन अपराधियों को जिला बदर का आदेश पारित करते हुये कटनी जिले की राजस्व सीमा सहित समीपवर्ती जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर चले जाने का आदेश दिया है। पुलिस अधीक्षक के प्रतिवेदन के आधार पर जिला मजिस्ट्रेट द्वारा मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के अन्तर्गत जारी संबंधित अपराधियों के विरुद्ध जिलाबदर के आदेश जारी किये गये हैं। इस संबंध में जारी किये गये आदेश के तहत 4 अपराधियों को एक वर्ष के लिये, 3 को 6 माह की अवधि तथा 2 को 3 माह की अवधि के लिये जिलाबदर किया गया है। इनमें गोपाल बाग नीरज टॉकीज के पास गायत्री नगर निवासी 38 वर्षीय अनावेदक मुकेश मिश्रा उर्फ बेटू पिता रमाशंकर मिश्रा, सनमुखदास गली वार्ड नंबर 6 निवासी अमन उर्फ गबरु ठाकुर पिता सुरेश ठाकुर, आधारकाप निवासी 20 वर्षीय केतु उर्फ नीरज रजक पिता दीनदयाल रजक और थाना कोतवाली अंतर्गत रघुनाथ गंज पोस्ट ऑफिस गली निवासी इरफान अली उर्फ इरफान खान पिता माजिद अली उम्र 23 वर्ष को एक-एक वर्ष की अवधि के लिये जिलाबदर के आदेश जारी किये गये हैं। इसी प्रकार निवासी ग्राम उबरा थाना बरही रजनीकांत पिता जयप्रकाश मिश्रा उम्र 30 वर्ष, कैमारे अमरैयापार वार्ड नंबर 14 निवासी आरिफखान उर्फ मानू खान और थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ईश्वरीपुरा वार्ड निवासी रीतेश मिश्रा उर्फ रीतू पण्डा पिता अनंतराम मिश्रा को 6-6 माह की अवधि के लिये जिलाबदर किया गया है। साथ ही आधारकाप कटनी निवासी 42 वर्षीय विजय केवट पिता लल्ला केवट और थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत वेंकट वार्ड खिरहनी फाटक निवासी 26 वर्षीय रवि कुमार पिता गरीब दास निषाद को 3-3 माह की अवधि के लिये जिला बदर के आदेश जारी किये गये हैं।

**PRE. REGISTRATION**
**साईनाथ इंस्टीट्यूशन/ श्री हास्पिटल**
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| डी.एल.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बी.ए.बी.एड. | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |
| बीएससी बीएड | 12वीं पास (विज्ञान/गणित) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से उपर |

एन.सी.टी.ई. नई दिल्ली म.प्र. एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर व माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल
नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

# युवक की ट्रेन से कटी लाश बरामद, शिनाख्त नहीं

**कटनी।** जबलपुर-कटनी रेलखंड के सलैया फाटक व डुंडी स्टेशन के बीच एक अज्ञात युवक की ट्रेन से कटी लाश बरामद की गई है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शवपरीक्षण कराते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है और युवक की शिनाख्तगी के प्रयास कर रही है।

**ADMISSION OPEN**
For Session 2022-23
किरण नेशनल पब्लिक स्कूल
Kiran National Public School
Smart class with Mittsure
Nursery to 8th class ( English Medium)
Requirement for Teachers- English ,Maths , Hindi , Science , Computer, Saskrit , Office clerk & Driver-8 seats
Mohan nagar Kailwara Road Katni
Contact No.:- 9977500636

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

**PRE. REGISTRATION** साईनाथ स्कूल/कालेज ऑफ नर्सिंग
सर्व सुविधायुक्त कॉलेज हॉस्टल एवं बस की सुविधा उपलब्ध

| पाठ्यक्रम | योग्यता | कोर्स अवधि | उम्र |
|---|---|---|---|
| एएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| जीएनएम | 12वीं पास (किसी भी विषय) | 3 वर्ष | 17 वर्ष-35 वर्ष |
| बीएससी (नर्सिंग) | 12वीं पास (बायो.) | 4 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| पोस्ट बेसिक बीएससी | जीएनएम पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (साइकेट्री) | बीएससी नर्सिंग पास | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |
| एमएससी (कम्युनिटी ऑफ नर्सिंग) | | 2 वर्ष | 17 वर्ष से ऊपर |

नोट:- एससी/एसटी/ओबीसी छात्र-छात्राओं को म.प्र. शासन के नियमानुसार शिक्षण शुल्क लाभ प्राप्त करें
इंडियन नर्सिंग काउंसिल नई दिल्ली म.प्र. नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल भोपाल से मान्यता प्राप्त
श्री हास्पिटल एम.एम. चौबे वार्ड, एनएच-7 बरगवां, कटनी मो. 8962262200, 9425325316, 9752414318

यदि आप तक समय पर यश भारत नहीं पहुंच रहा है तो संपर्क करें फोन:- 230033




आर्टिफिशल इन्टेलीजेन्स के साथ कटनी की प्रथम अति आधुनिक 32-96 स्लाइस 2021 मॉडल सीमन्स कम्पनी की मशीन
एडवांस्ड
सिटी स्कैन एवं एक्सरे सेन्टर
-32-96 स्लाइस की मशीन होने के कारण एक्सपोजर समय अत्यंत कम
-सी टी हेड 6 सेकेंड
-सी टी चेस्ट 20 सेकेंड, -सी टी एबडामन 30 सेकेंड, -कम एक्सपोजर कम रेडीयेशन
आधुनिक टेक्नालाजी अपनाएं, बेहतर रिजल्ट पाएं
जालपा वार्ड, घंटाघर रोड, कटनी
9893723087, 8319994375 फोन 07622-494511

JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
सभी प्रकार के ग्रेनाईट टाईल्स, इटेलियन मार्बल, सिन्क, कोटा, कड़प्पा पत्थर होलसेल रेट पर मिलने का एकमात्र स्थान
समर्थ मार्बल एण्ड ग्रेनाईट
पता- टीवीएस शोरूम के बाजू में जबलपुर रोड, बरगवां कटनी मो. 9425153498, 7067666668

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)